**Regarding uniform norms for construction of houses in urban and rural areas under Pradhan Mantri Awas Yojana-laid**

श्री संजय हरिभाऊ जाधव **(**परभणी**) :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की कीमतों में अंतर एक प्रमुख मुद्दा बन चुका है । जैसा कि सर्वविदित है कि शहरी क्षेत्रों में भूमि की कीमतें तो अधिक होती हैं, लेकिन निर्माण सामग्री, जैसे सीमेंट और लोहे की कीमतें लगभग समान ही होती हैं । इसके विपरीत, शहरी क्षेत्रों में यह सामग्री सस्ती और आसानी से उपलब्ध होती है, जिससे निर्माण लागत कम होती है ।

इस अंतर को दूर करने के लिए नीति में बदलाव की आवश्यकता है, ताकि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान अवसर मिल सकें । यदि दोनों क्षेत्रों में निर्माण के लिए समान मानक और आवश्यकताएं निर्धारित की जाएं, तो न केवल निर्माण की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि योजना की सफलता भी बढ़ेगी ।

मेरा सरकार से निवेदन है कि सरकार इस विषय पर ध्यान दे और सुनिश्चित करे कि योजना का लाभ सभी वर्गों को समान रूप से मिले । चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्रों का हो इससे न केवल आवास समस्या का समाधान होगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता भी बढ़ेगी ।